# 'द ग्रेट शमशुद्दीन फैमिली' में भूमिका निभाना सौभाग्य : कृतिका



**जानीमानी** अभिनेत्री कृतिका कामरा का कहना है कि फिल्म 'द ग्रेट शमशुद्दीन फैमिली' में मुख्य भूमिका निभाना उनके लिये सौभाग्य की बात है. द ग्रेट शमशुद्दीन फैमिली का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज़ हो गया है.यह फिल्म 12 दिसंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज़ होने वाली है और पीपली लाइव जैसी फिल्म बनाने वाली मशहूर निर्देशक अनुशा रिज़वी की वापसी को दर्शाती है.

फिल्म में फरीदा जलाल, श्रेया धनवंतरि, जूही बब्बर सोनी और शीबा चड्ढा जैसे शानदार कलाकार शामिल हैं, जो मिलकर भावनाओं, हास्य और सामाजिक मुद्दों से जुड़ी एक दिल छू लेने वाली कहानी प्रस्तुत करते हैं. इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहीं कृतिका कामरा ने फिल्म का हिस्सा बनने और एक महिला निर्देशक द्वारा लिखे गए किरदार को निभाने का अनुभव साझा किया.

कृतिका कामरा ने कहा, 'किसी महिला द्वारा लिखी गई कहानी के केंद्र में होना, खासकर अनुशा जैसी तेज़, समझदार और निडर फिल्ममेकर के साथ काम करना, मेरे लिए बहुत बड़ा सौभाग्य है. जब मैंने द ग्रेट शमशुद्दीन फैमिली की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मुझे इसकी सच्चाई, गहराई और बेझिझक चरित्र तुरंत पसंद आ गए. अक्सर स्क्रीन पर महिलाओं को तय ढांचों में दिखाया जाता है, लेकिन इस कहानी में महिलाओं को मज़ेदार, कमज़ोर, मज़बूत, असुरक्षित, बिंदास सब कुछ एक साथ होने की आज़ादी मिलती है.' कृतिका कामरा ने कहा, 'मेरे लिए यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें कैमरे के सामने और पीछे, दोनों तरफ, शानदार महिलाओं के साथ काम करने का मौका मिला. फरीदा जी और डॉली जी जैसी दिग्गज कलाकारों के साथ स्क्रीन साझा करना, और शीबा मैम, जूही और श्रेया जैसी बेहतरीन अभिनेत्रियों के साथ काम करना, मेरे लिए एक यादगार सीखने वाला अनुभव रहा. मुझे सच में लगता है कि हमारी फिल्म में गर्मजोशी है, खुशी है और साथ ही एक गहरा संदेश भी है.

# इंटरनेट नहीं, कला में विश्वास रखतीं है ऐश्वर्या



**बॉलीवुड** की ऐश्वर्या राय उन चुनिंदा कलाकारों में से हैं जिन्होंने स्टारडम को खुद पर हावी नहीं होने दिया. मणिरत्नम की फिल्म इरुवर से अभिनय करियर की शुरुआत करने वाली ऐश्वर्या ने हमेशा अपने काम को अपनी प्राथमिकता बनाया. उन्होंने कहा कि सफलता के बावजूद असुरक्षा वाली भावनाएं कभी भी उनके लिए प्रेरक शक्ति नहीं रही.

ऐश्वर्या राय का मानना है कि किसी भी इंसान को खुद को साबित करने के लिए केवल स्टारडम या सोशल मीडिया एक्टिविटी की जरूरत नहीं होती. सऊदी अरब के जेद्दा में हुए फिफ्थ रेड सी फेस्टिवल के ओपनिंग सेरेमनी में अपनी मास्टरक्लास के दौरान ऐश्वर्या ने बताया कि उन्होंने ब्यूटी पेजेंट और फिल्मों को केवल अवसर की तरह लिया, न कि करियर की पहचान के लिए. इंटरनेट मीडिया पर सीमित मौजूदगी बनाए रखना और अपने चुनावों में स्वतंत्र रहना, यही उनके जीवन का फोकस है.

साल 1994 में मिस वर्ल्ड बनने के बाद ऐश्वर्या ने कभी इस खिताब को केवल ब्यूटी पेजेंट के रूप में नहीं देखा. उन्होंने इसे भारत और भारतीय महिलाओं का अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिनिधित्व करने का अवसर माना. ऐश्वर्या ने बताया कि उन्हें यह जानकर हैरानी हुई कि दुनिया में भारतीय महिलाओं के बारे में कितना कम ज्ञान है.

# करीना-पृथ्वीराज की फिल्म 'दायरा' की शूटिंग शुरू

**'तलवार'**, 'राजी' और 'सैम बहादुर' जैसी प्रशंसित फिल्में बनाने के बाद, निर्देशक मेघना गुलजार अब अपनी अगली फिल्म 'दायरा' लेकर आ रही हैं, जिसमें करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन मुख्य भूमिका में हैं. एक अपडेट साझा करते हुए, मेघना ने कहा कि फिल्म की अंतिम शूटिंग चल रही है.

उन्होंने इंस्टाग्राम पर बैगों से भरी एक कार की तस्वीर पोस्ट की, जिससे संकेत मिलता है कि टीम प्रोडक्शन के आखिरी चरण के लिए तैयार है. उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'फाइनल शेड्यूल. लीजिए, टीम दायरा.' सितंबर में, करीना और पृथ्वीराज ने प्रशंसकों को शूटिंग के पहले दिन की झलकियां दिखाईं. करीना ने लिखा था, 'पहला दिन. 68वीं फ़िल्म दायरा, सबसे अद्भुत मेघना गुलज़ार और पृथ्वी के साथ. प्यार और आशीर्वाद दें.' पारंपरिक पूजा समारोह से लेकर, रिहर्सल, स्क्रिप्ट रीडिंग और प्रमुख दृश्यों की शूटिंग तक, अभिनेताओं ने फिल्म की तैयारी प्रक्रिया का एक दृश्य प्रस्तुत किया.

महान गीतकार गुलज़ार भी सेट पर पहुंचे, टीम से बातचीत की. पृथ्वीराज ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लिखा, 'दायरा की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है. एक नई कहानी, एक नया सफ़र जिसमें चुनौतियां और रोमांच दोनों है. इस दुनिया में कदम रखने को लेकर बेहद उत्साहित हूं.' मेघना ने इस परियोजना को धुंधली और पार की गई रेखाओं की कहानी बताया, जो जटिल सामाजिक विषयों को दिखाने के उनके इरादे को दर्शाता है. करीना ने लिखा, 'मैंने हमेशा कहा है कि मैं निर्देशक की कलाकार हूं. इस बार मैं बेहतरीन निर्देशकों में से एक मेघना गुलज़ार के साथ, शानदार पृथ्वी के साथ काम करने के लिए बेताब हूं.'

पृथ्वीराज ने भी उत्साह व्यक्त करते हुए लिखा, 'कुछ कहानियां सुनते ही आपके मन बस जाती हैं. मेरे लिए दायरा भी वैसी ही है.



# गौरव खन्ना बने बिग बॉस 19 के विजेता

**जानेमाने** अभिनेता गौरव खन्ना रियलिटी शो बिग बॉस 19 के विजेता बन गये हैं. सलमान खान के होस्टिंग वाले शो बिग बॉस 19 का ग्रैंड फिनाले रविवार की रात संपन्न हुआ. गौरव खन्ना बिग बॉस 19 के विजेता बन गये हैं, जबकि फरहाना भट्ट रनर-अप रहीं, वहीं, प्रणीत मोरे तीसरे स्थान पर रहे.गौरव खन्ना को बिग बॉस की ट्रॉफी के साथ 50 लाख रुपये की धनराशि ईनाम में मिली है.

गौरव ने 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ इंडिया सीजन 1' भी जीता है. बिग बॉस 19 में विजेता बने बाद गौरव खन्ना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया. गौरव खन्ना ने बिग बॉस 19 की विनिंग ट्रॉफी के साथ तस्वीर शेयर की. उन्होने कैप्शन में लिखा है, 'तीन महीने का सफर आखिरकार समाप्त हो गया है... और यह कैसा अंत रहा है. ट्रॉफी घर आ गई है. वे पूछते रहे, 'जीके क्या करेंगे?' और जैसा कि हमने हमेशा कहा कि जीके हम सभी के लिए ट्रॉफी घर लाएंगे. उन्होंने ऐसा किया. यह सफर सबसे खूबसूरत तरीके से जबरदस्त रहा है. हमने गौरव के साथ हर एक दिन, हर ऊंचाई, हर रुकावट, ताकत और गरिमा के हर पल को जिया है. और आज, यह जीत व्यक्तिगत लग रही है.' 'यह हर उस इंसान की जीत है जिसने उस पर विश्वास किया, जिसने वोट दिया, जो उसके साथ खड़ा रहा, जिसने उसके सपने को अपना बनाया. आज, हम सिर्फ़ एक ट्रॉफी का जश्न नहीं मना रहे हैं. हम विश्वास, प्यार और साथ का जश्न मना रहे हैं. हम साथ मिलकर जीत रहे हैं. दिल की गहराइयों से शुक्रिया. प्यार के साथ साइन ऑफ करते हुए -टीम गौरव खन्ना.' 'बिग बॉस 19' के फिनाले में कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे भी पहुंचे. वे यहां अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के प्रमोशन के लिए पहुंचे. भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार पवन सिंह भी फिनाले में शामिल हुए. सनी लियोनी और करण कुंद्रा भी फिनाले में शामिल हुए.



# धर्मेन्द्र की जयंती पर भावुक हुईं हेमा मालिनी

**बॉलीवुड** अभिनेत्री हेमा मालिनी अपने पति और दिवंगत अभिनेता धर्मेन्द्र की जयंती पर उन्हें याद कर भावुक हो गयी.

बॉलीवुड के ही मैन धर्मेन्द्र का 24 नवंबर को निधन हो गया था. धर्मेन्द्र का जन्म 08 दिसंबर 1935 को हुआ था. धर्मेन्द्र की आज 90वीं जयंती है. धर्मेंद्र की जयंती पर उनका पूरा परिवार उन्हें नम आंखों से याद कर रहा है. हेमा मालिनी ने भी धर्मेंद्र की जयंती पर उन्हें याद किया है.

हेमा मालिनी ने एक्स पर अपने भावुक पोस्ट में लिखा, 'धरम जी, जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यारे दिल. तुम्हारे जाने के बाद मुझे टूटे हुए दो हफ्ते से ज्यादा हो गए हैं, मैं धीरे-धीरे टुकड़ों को इकट्ठा कर रही हूं और अपनी जिंदगी को फिर से बनाने की कोशिश कर रही हूं, यह जानते हुए कि तुम हमेशा मेरे साथ रहोगे. हमारी जिंदगी की खुशी भरी यादें कभी मिट नहीं सकतीं और उन पलों को फिर से जीने से मुझे बहुत सुकून और खुशी मिलती है. मैं भगवान का शुक्रिया अदा करती हूं, हमारे साथ बिताए प्यारे सालों के लिए, हमारी दो खूबसूरत बेटियों के लिए जो एक-दूसरे के लिए हमारे प्यार को पक्का करती हैं और उन सभी खूबसूरत, खुशहाल यादों के लिए जो मेरे दिल में हमेशा रहेंगी.'

हेमा मालिनी ने लिखा, 'आपके जन्मदिन पर नमन, मेरी प्रार्थना है कि भगवान आपको शांति और खुशी की दौलत दें जिसके आप अपनी विनम्रता, दिल की अच्छाई और इंसानियत के लिए प्यार की वजह से हकदार हैं. जन्मदिन मुबारक हो प्यारे प्यार. हमारे खुशी के 'साथ' बिताए पल.' हेमा मालिनी ने इसके साथ दो खूबसूरत तस्वीरें साझा की हैं. इन



तस्वीरों में धर्मेन्द्र और हेमा दोनों खुश और मुस्कराते नजर आ रहे हैं. पहली तस्वीर में हेमा मालिनी, धर्मेंद्र को मिठाई खिला रही हैं, वहीं दूसरी तस्वीर में दोनों एक साथ पोज देते दिख रहे हैं.

## गीतांजलि मिश्रा मिली श्रीलंकाई क्रिकेट के दिग्गजों से



**टीवी** की दुनिया में गीतांजलि मिश्रा, एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश का रोल निभा कर सबका दिल जीत रही हैं. पर्दे के बाहर भी उनका जोश कम नहीं है, खासकर क्रिकेट के लिए. उन्हें सिर्फ मैच देखना ही पसंद नहीं है, बल्कि वह खुद भी क्रिकेट खेलती हैं. हाल ही में उनका यह प्यार उन्हें श्रीलंका ले गया, जहाँ उन्हें क्रिकेट के दिग्गज सनथ जयसूर्या, मुथैया मुरलीधरन और अरविंद डि सिल्वा से मिलने का मौका मिला. गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ राजेश ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा, 'क्रिकेट मेरे लिए सिर्फ खेल नहीं है, बल्कि एक जुनून है जो मुझे संतुलित, प्रेरित और उत्साहित रखता है. हाल ही में श्रीलंका की यात्रा के दौरान मुझे क्रिकेट के दिग्गज सनथ जयसूर्या, मुथैया मुरलीधरन और अरविंद डि सिल्वा से मिलने का मौका मिला. यह सच में सपने जैसा अनुभव था ! ये खिलाड़ी वे हैं जिनकी मैं बचपन से प्रशंसा करती आई हूं, और उनसे मिलना, उनके अनुभव सुनना और खेल पर बातचीत करना बिल्कुल अद्भुत था.

## रियल और रील शादी का अनोखा संगम



जाने अनजाने हम मिले' अपनी तेज़ रफ्तार कहानी और दिल छू लेने वाले मोड़ की वजह से लगातार दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है. भरत अहलावत और आयुषी खुराना द्वारा निभाए जा रहे राघव और रीत के किरदारों ने शुरुआत से ही देखने वालों को जोड़े रखा है. अब शो एक ऐसे पड़ाव पर पहुंच रहा है जहां पुराने समय के छुपे हुए सच, जो रीत, राघव और बुआ जी से जुड़े हैं, पहली बार सामने आएंगे. ये खुलासे कहानी में ऐसा मोड़ लाएंगे कि अगले कुछ एपिसोड्स में हाई-वोल्टेज और बेहद दिलचस्प ड्रामा होगा. इसी उथल-पुथल के बीच, आयुषी खुराना की जिंदगी में एक ऐसा खूबसूरत इत्तेफाक दोबारा हो रहा है जिसे सुनकर हर कोई मुस्कुरा देगा. पिछले साल 6 दिसंबर 2024 को उनकी असल जिंदगी में शादी हुई थी. मज़ेदार बात ये कि लगभग एक हफ्ते बाद ही उनकी ऑन-स्क्रीन शादी भी शूट की गई जिससे रील और रियल की लाइनें जैसे आपस में मिल गईं.

## एण्डटीवी लेकर आया 'जड़ी-बूटी और जवानी का तड़का'!

भाबीजी घर पर हैं' के बारे में बताते हुए मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे रोहिताश्व गौड़ कहते हैं, 'यह ट्रैक मेरे लिए सबसे मज़ेदार, अनोखा और ट्विस्ट-भरा रहा. विभूति शुरुआत में भावनाओं में इतना उलझ जाता है कि अंगूरी को याद करते-करते उसकी सांस तक अटक जाती है- सपनों में भी! उसकी जलन, चिड़चिड़ाहट और बेचैनी बढ़ती जाती है, तभी सक्सेना उसे अजीब-सी 'कॉमा बूटी' देता है, और फिर कहानी पूरी तरह नए पागलपन में चली जाती है. बूटी लेने के बाद विभूति एकदम मीठा, प्यार से भरा और हद से ज्यादा पॉज़िटिव हो जाता है. थप्पड़ उसे प्यारा लगता है, दुश्मन दोस्त दिखते हैं और हर हालात उसे किसी सपने जैसे लगते हैं. सबसे मजेदार बात यह है कि तिवारी भी इस बूटी की चपेट में आ जाते हैं और दोनों एक से बढ़कर एक मुश्किलों में फंसते हैं-कभी भ्रम, कभी बारात, तो कभी अपने ही घर की चोरी! लेकिन असली ट्विस्ट तब आता है जब बूटी का असर खत्म होता है और दोनों अपनी असली शक्ल-सूरत और तेवरों में लौट आते हैं.





# होंडा सिविक टाइप आर भारत में दिखी, जल्दी लॉन्च की संभावना

**होंडा** की स्पोर्टी कार होंडा सिविक टाइप आर को हाल ही में भारत की सड़कों पर देखा गया है, जिससे इसके जल्द लॉन्च की अटकलें तेज हो गई हैं. इस कार की स्पॉटिंग ने ऑटो उत्साही लोगों में उत्सुकता पैदा कर दी है. माना जा रहा है कि होंडा इसे 2026 में सीमित संख्या में भारत में पेश कर सकती है. होंडा सिविक टाइप आर में दो लीटर का टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन दिया गया है. यह इंजन 315 हॉर्स पावर और 310 न्यूटन मीटर टॉर्क प्रदान करता है.

छह स्पीड ट्रांसमिशन के साथ यह होंडा का अब तक का सबसे शक्तिशाली वीटीईसी टर्बो इंजन माना जा रहा है. यह कार स्पोर्टी लुक और दमदार परफॉर्मेंस के लिए ऑटो एक्सपर्ट्स के बीच चर्चा में है. फीचर्स की बात करें तो होंडा सिविक टाइप आर में 19 इंच के अलॉय व्हील्स, एलईडी लाइट्स, रियर स्पॉइलर और ब्लैक फ्रंट ग्रिल शामिल हैं. कार के इंटीरियर में लाल और काले रंग का कॉम्बिनेशन, लाल एंबिएंट लाइट और डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर है. 10.2 इंच का इंफोटेनमेंट सिस्टम, ट्रिपल आउटलेट एग्जॉस्ट, बोस के 12 स्पीकर ऑडियो सिस्टम, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कार प्ले जैसी आधुनिक टेक्नोलॉजी भी इसमें दी गई हैं. सेफ्टी फीचर्स में एडीएएस, एबीएस और ईबीडी शामिल हैं.

भारतीय मार्केट में इस कार का मुकाबला स्कोडा ऑक्टेविया आरएस और वोल्क्सवैगन गोल्फ जीटीआई जैसी प्रीमियम स्पोर्ट्स कारों से होगा. हालांकि, होंडा ने अभी तक इस कार के भारतीय लॉन्च को लेकर कोई औपचारिक जानकारी नहीं दी है. ऑटो एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसे सीबीयू के तौर पर सीमित संख्या में पेश किया जा सकता है. होंडा सिविक टाइप आर की स्पोर्टी परफॉर्मेंस, आकर्षक डिजाइन और हाई-टेक फीचर्स इसे भारत में स्पोर्ट्स कार पसंद करने वाले लोगों के लिए एक प्रीमियम विकल्प बना सकते हैं.

# महिंद्रा एक्सयूवी 7एक्सओ 5 जनवरी को होगी लॉन्च

**भारतीय** ऑटो मार्केट में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए महिंद्रा जल्द ही अपनी नई एक्सयूवी 7एक्सओ एसयूवी लॉन्च करने जा रही है. निर्माता ने सोशल मीडिया पर इसका पहला वीडियो टीज़र जारी किया है, जिससे इस एसयूवी के डिज़ाइन और फीचर्स का अंदाज़ा लगाया जा सकता है. यह एसयूवी महिंद्रा एक्सयूवी 700 का अपडेट वर्जन है और मिड साइज एसयूवी सेगमेंट में प्रमुख प्रतियोगिता करने के लिए तैयार की गई है.

सोशल मीडिया पर जारी 14 सेकेंड के टीज़र में एक्सयूवी 7एक्सओ के लुक और डिज़ाइन की झलक दिखाई गई है. इसमें एल-शेप एलईडी डीआरएल, प्रोजेक्टर हेडलाइट, और एल-शेप एलईडी टेल लाइट शामिल हैं. यह एसयूवी प्रीमियम लुक और आधुनिक डिज़ाइन के साथ ग्राहकों को आकर्षित करेगी. एक्सयूवी 7एक्सओ में कई उन्नत फीचर्स दिए गए हैं. इसमें प्रीमियम इंटीरियर, पैनोरमिक सनरूफ, एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम, हरमन ऑडियो सिस्टम, और ट्रिपल स्क्रीन सेटअप शामिल हैं. इसके अलावा 360 डिग्री कैमरा, एबीएस, ईबीडी, छह एयरबैग, और आइसोफिक्स चाइल्ड एंकरेज जैसी सुरक्षा तकनीकें भी हैं. ये फीचर्स इसे सुरक्षित, आरामदायक और हाई-टेक बनाते हैं. इस एसयूवी में पेट्रोल और डीजल दोनों इंजन विकल्प मिल सकते हैं. पेट्रोल वर्जन में दो लीटर टर्बो इंजन और डीजल वर्जन में 2.2 लीटर टर्बो डीजल इंजन लगाया गया है. इसके साथ छह स्पीड मैनुअल और छह स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के विकल्प उपलब्ध होंगे. यह इंजन और ट्रांसमिशन कॉम्बिनेशन एक्सयूवी 7एक्सओ को परफॉर्मेंस और ड्राइविंग में संतुलन प्रदान करेगा. महिंद्रा की ओर से जानकारी मिली है कि एक्सयूवी 7एक्सओ को भारत में औपचारिक रूप से 5 जनवरी 2026 को लॉन्च किया जाएगा. यह एसयूवी मिड साइज सेगमेंट में हेक्टर, टाटा सिएरा, टाटा सफारी, ह्युंडई क्रेटा, होंडा एलेवेट, किआ सेल्टोस जैसी एसयूवी के साथ मुकाबला करेगी. नई एक्सयूवी 7एक्सओ अपनी प्रीमियम लुक, दमदार परफॉर्मेंस और हाई-टेक फीचर्स के साथ मिड साइज एसयूवी सेगमेंट में ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है. यह महिंद्रा की मजबूत एसयूवी रेंज में एक नया विकल्प जोड़ती है



# भारत बेंज ने 19 .5 टन क्षमता वाली नई बीबी1924 बस लॉन्च की



**भारतीय** कमर्शियल वाहन मार्केट में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए भारत बेंज ने नई बीबी1924 बस लॉन्च की है. यह बस 53 यात्रियों के लिए डिज़ाइन की गई है और लंबी दूरी की यात्रा में आराम और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित करती है.

निर्माता ने इस बस में यात्रियों और ऑपरेटरों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई उन्नत फीचर्स और मजबूत इंजन दिए हैं. नई बीबी1924 बस में 51 यात्रियों के लिए सीटें हैं, इसके अलावा ड्राइवर और को-ड्राइवर के लिए अलग जगह दी गई है. इसके ईंधन टैंक की क्षमता 380 लीटर है, जिससे यह लगभग 1300 किलोमीटर तक लगातार चल सकती है. बस के टायर की क्षमता 295/80 है और इसकी कुल क्षमता 19.5 टन है, जो इसे अंतर-शहरी परिवहन के लिए बेहद उपयुक्त बनाती है. सुरक्षा को लेकर भारत बेंज ने इस बस में कई आधुनिक फीचर्स दिए हैं. इसमें एंट्री रोल बार, फ्रंट और रियर न्यूमेटिक सस्पेंशन, एबीएस, ईबीडी, पांच चरण वाला इलेक्ट्रो मैग्नेटिक ब्रेक, ईएससी, क्रूज कंट्रोल, ब्रेक होल्ड असिस्ट, और टीएफटी डिस्प्ले शामिल हैं.

ये फीचर्स बस को सुरक्षित, स्थिर और लंबी दूरी की यात्रा के लिए भरोसेमंद बनाते हैं. नई बीबी1924 बस में लगाया गया ओएम 926 टर्बोचार्ज और इंटरकूलर इंजन 241 हॉर्स पावर और 850 न्यूटन मीटर टॉर्क प्रदान करता है. इसके साथ छह स्पीड ट्रांसमिशन भी है, जो ड्राइविंग अनुभव को आसान और संतुलित बनाता है.

# हार्ले डेविडसन एक्स 440टी भारत में लॉन्च

**अमेरिकी** मोटरसाइकिल निर्माता हार्ले डेविडसन ने भारतीय बाजार में अपनी दूसरी सबसे छोटी मोटरसाइकिल एक्स 440टी लॉन्च कर दी है. बुकिंग अभी शुरू नहीं हुई है और डिलीवरी जनवरी 2026 से शुरू होगी. इस बाइक के लॉन्च से भारतीय बाइक लवर्स और ऑटो एंथुसिएस्ट्स में उत्साह का माहौल है. एक्स 440टी मॉडल एक्स 440 प्लेटफॉर्म पर आधारित है, लेकिन इसमें कई खास बदलाव किए गए हैं. इसकी स्टाइलिंग में हार्ले एक्सआर 200 की झलक दिखाई देती है. पीछे की ओर नया और भारी फेंडर दिया गया है, और सीट को पहले से ज्यादा आरामदायक बनाया गया है.

पिलियन के लिए बड़े ग्रैब हैंडल भी जोड़े गए हैं. नए मॉडल में पर्ल ब्लू, पर्ल रेड, विविड ब्लैक और पर्ल व्हाइट जैसे ताजा कलर ऑप्शन मिलते हैं. एक्स 440टी की नई ब्रांडिंग टैंक पर दी गई है और एक रेसिंग पिनस्ट्राइप बाइक की स्पोर्टी लुक बढ़ाती है. फ्रंट प्रोफाइल एक्स 440 जैसा है, लेकिन बार-एंड मिरर और ब्लैक फ्रंट फेंडर इसे अलग पहचान देते हैं. सिंगल-साइड एग्जॉस्ट में भी हल्का बदलाव किया गया है.

एक्स 440टी में नया इलेक्ट्रॉनिक थ्रॉटल बॉडी और राइड-बाय-वायर सिस्टम जोड़ा गया है. इसके साथ कई राइडर एड्स भी दिए गए हैं, जैसे ट्रैक्शन कंट्रोल, स्विचेबल रियर और राइड मोड्स - रोड और रेन. हालांकि, रेन मोड के दौरान कुछ सेटिंग्स बदली नहीं जा सकतीं. इंजन वही 440 सीसी एयर-ऑयल कूल्ड सिंगल सिलेंडर है, जो 27 बीएचपी पावर और 38 एनएम टॉर्क प्रदान करता है. माइलेज लगभग 35 किलोमीटर प्रति लीटर बताया गया है. भारतीय मार्केट में एक्स 440टी का मुकाबला बजाज, टीवीएस और कावासाकी जैसी कंपनियों की कमपैक स्पोर्ट्स बाइक से होगा. इसकी स्पोर्टी परफॉर्मेंस, आकर्षक स्टाइलिंग और हाई-टेक फीचर्स इसे बाइक लवर्स के लिए एक प्रीमियम विकल्प बनाते हैं. हार्ले डेविडसन ने एक्स 440टी के साथ भारत में अपनी कमपैक और प्रीमियम मोटरसाइकिल रेंज को और मजबूत करने की कोशिश की है.

